तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **गोविन्द करण राठौड़** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या—ऑनलाईन अपील संख्या 353576767869093	नं. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
26/06/25	अपीलार्थी गोविन्द करण राठौड़ निवासी 79, हनुवंत बी, सेक्टर बी, बी.जे.एस. कॉलोनी, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 27.02.2025 को पत्र क्रमांक सर्तकता/जांच/220 दिनांक 01.02.2023 व पत्र क्रमांक राजस्व/विविध/2024/3377 दिनांक 30.10.2024 को की गई सम्पूर्ण कार्यवाही एवं अन्य विन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (अपर जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अपर जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर Signature valid Digitally signed by Gaurav Agrawal Designation: Collector & District Magistrate Date: 2025.06.26 16:10:22 IST Reason: Approved	

RajKaj Ref No.: 16173597